Need to include villages of Ratnagiri-Sindhudurg under 4G mobile coverage ? laid

श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग): केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश भर के वंचित गांवों में 4 जी मोबाइल सेवाओं की सहमती के लिए एक सुगम परियोजना को मंजूरी दी है । इसे यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) के माध्यम से वित्त पोषित किया जाएगा । बीएसएनएल द्वारा निष्पादित किया जाएगा, इस योजना से निश्चित रूप से मोबाइल सेवा में सुधार होगा । मैं सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग के केवल 213 गांवों को इस योजना में शामिल किया गया है और कई गांवों को इस योजना में शामिल नहीं किया गया है, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग के कई गांवों में दूरसंचार सेवा प्रदाता (टीएसपी) से 4जी मोबाइल सिग्नल कवरेज उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों, व्यापारियों, छोटे व्यवसायियों सहित अन्य लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । मेरा सरकार से अनुरोध है कि रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग के सारे गांव जो अभी तक उपरोक्त सूची में शामिल नहीं किए गए हैं, इन सभी गांवों में 4जी मोबाइल कवरेज के प्रावधान के अंतर्गत शामिल किया जाए! तांकि रत्नागिरी-सिंधुदुधुर्ग के सभी ग्रामवासियों को सुविधा मिल सके और वे इस योजना का लाभ उठा सकें ।